## वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

# 18वें भारत-ऑस्ट्रेलिया मंत्रिस्तरीय आयोग (जेएमसी) का संयुक्त वक्तव्य (जेएमसी)

**पोस्ट किया गया: पीआईबी दिल्ली द्वारा 12 मार्च 2023 1:40 अपराह्न**

भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार और पर्यटन मंत्री, सीनेटर माननीय डॉन फैरेल ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए अगले उपायों पर चर्चा करने के लिए कल मुलाकात की।

मंत्रियों ने आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) के कार्यान्वयन, भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) के लिए बातचीत और आगे दो तरफा निवेश का विकास करने के लिए चर्चा की। मंत्रियों ने जी 20, इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) और विश्व व्यापार संगठन(डब्ल्युटीओ)में अन्तर्ग्रस्तता पर भी चर्चा की।

मंत्रियों ने नोट किया कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधान मंत्री एंथनी अल्बनीस ने बातचीत में तेजी से प्रगति और एक महत्वाकांक्षी व्यापक आर्थिक सहयोग करार (सीईसीए) के शीघ्र निष्कर्ष की आशा कर रहे हैं, जो व्यापार के नए क्षेत्रों, निवेश और सहयोग सहित ईसीटीए द्वारा रखी गई नींव पर बनेगा । सीईसीए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा, जीवन स्तर को बढ़ाएगा और दोनों देशों में सामान्य कल्याण में सुधार करेगा। मंत्री शीघ्रातिशीघ्र सीईसीए को अन्तिम रूप देने के लिए उत्सुक हैं, विभिन्न द्विपक्षीय तकनीकी बाजार पहुंच संबंधी मुद्दों के समाधान की प्रगति से प्रसन्न हैं और आगे कार्य जारी रखने की आशा करते हैं।

मंत्रियों ने सुचारू और समय पर स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के महत्व पर प्रकाश डाला क्योंकि दोनों देश अपने संबंधित नेट जीरो लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करते हैं । मंत्रियों ने ऑस्ट्रेलिया और भारत की अर्थव्यवस्थाओं की पूरक प्रकृति को नोट किया और नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए आर्थिक, प्रौद्योगिकी और व्यापार एवं निवेश सहयोग को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मंत्री फैरेल ने भारत की जी 20 अध्यक्षता के लिए ऑस्ट्रेलिया के मजबूत समर्थन को दोहराया। मंत्रियों ने सहमति व्यक्त की कि जी20 को विश्व को सुदृढ, वहनीय और समावेशी विकास के रास्ते पर वापस लाने में मदद करने की जरूरत है, जिसमें सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रगति में तेजी लाना शामिल हैं ।

मंत्रियों ने सहमति व्यक्त की कि ऑस्ट्रेलिया और भारत आईपीईएफ के लिए उच्च महत्वाकांक्षा साझा करते हैं, जैसा कि नई दिल्ली में आईपीईएफ वार्ता के विशेष दौर से स्पष्ट है और स्वच्छ अर्थव्यवस्था और लचीली आपूर्ति श्रृंखला सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रों पर आईपीईएफ के माध्यम से मिलकर काम करना जारी रखेगी।

मंत्रियों ने मूलत: विश्व व्यापार संगठन में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के महत्व की पुष्टि की। वे जिनेवा में 12वें विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की सफलता पर सहमत हुए और विश्व व्यापार संगठन के कार्यों में सुधार लाने और वर्ष 2024 तक पूर्ण रूप से कार्य करने वाली विवाद निपटान प्रणाली बनाने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने वर्ष 2024 में अबू धाबी में आयोजित की जाने वाली 13 वें विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन से पूर्व उत्पादक भागीदारी की दिशा में काम करने पर सहमत हुए।

मंत्रियों ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया और भारत महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया का द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्तीय वर्ष में 31 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया। दोनों इस बात पर सहमत हुए कि दोनों देशों के बीच व्यापार संपूरकताओं को देखते हुए दोनों देशों में अगले 5 वर्षों के भीतर द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि की काफी संभावना है।

***

एडी/वीएन
(जारी आईडी: 1906076)